# दिनांक 02.08.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल निगम ग्रामीण में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल निगम(ग्रामीण) समीक्षा की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण उपस्थित रहे।

1. जल निगम(ग्रामीण)–अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद देवरिया में कुल चार फर्मों द्वारा पेयजल परियोजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

**मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0** द्वारा 363 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 117 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है। 137 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 99 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 723 नग राजस्व ग्राम में 537 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

**मे0 गायत्री–रामकी(जेवी) प्रा0लि0** द्वारा 217 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 42 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है। 100 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 42 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 329 नग राजस्व ग्राम में 282 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

**मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) प्रा0लि0** द्वारा 214 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 26 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है, 28 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 24 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 468 नग राजस्व ग्राम में 335 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

**मे0 यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रा0लि0** द्वारा 74 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 37 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है। 53 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 35 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 121 नग राजस्व ग्राम में 102 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। वहीं **जल सारथी ऐप** को आम जनता से जोड़ना है, जिसका जनपद में कुल लक्ष्य 17730 नग है, जिसके सापेक्ष 2697 लोगों को जोड़ा गया है।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये गये शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य की प्रगति बहुत धीमी है, जिसे प्रत्येक माह प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक योजनाओं में पाइप लाइन डालते समय क्षतिग्रस्त मार्गों को समयान्तर्गत एवं गुणतापूर्ण सड़क मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत टंकी के निर्माण कराये जाने हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकारियों से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित करते हुए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए, जिससे की जल जीवन मिशन की योजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सके। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि देवरिया सदर में 15 नग, सलेमपुर में 09 नग, रूद्रपुर में 03 नग, बरहज में 02 नग एवं भाटपाररानी में 01 नग योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक योजनाओं में पाइप लाइन डालते समय क्षतिग्रस्त मार्गों को समयान्तर्गत एवं गुणतापूर्ण सड़क मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 402 नग योजनाएं O&M में संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जो योजनाएं 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत है, उन योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर यूद्धस्तर पर कार्य कराना सुनिश्चि करें ताकि ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके, जिससे भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को गुणता पूर्ण एवं ससमय पूर्ण कराया जा सके।

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी महोदय, देवरिया।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, देवरिया।
3. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 (TPI Agency), देवरिया।
4. मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
5. मे0 गायत्री–रामकी(जेवी) प्रोजेक्ट लि0
6. मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी)प्रोजेक्ट लि0।
7. मे0 यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रा0लि0।

अधिशासी अभियन्ता